तापमान
अधिकतम 32.4°C
न्यूनतम 12.7°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

11 महर्षि वाल्मीकि आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक : शर्मा



12 बेटियों की शिक्षा से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव : प्रो. घोष



खबर संक्षेप

राजेश दूहन ने जीती अहमदाबाद मैराथन

गोहाना। गुजरात के अहमदाबाद शहर में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ के विजेता गोहाना के प्राचार्य राजेश दूहन बने। वह मूलतः कटवाल गांव के हैं और वर्तमान में जौली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हैं। उन्होंने 25 अक्तूबर को अहमदाबाद में हुई मैराथन दौड़ में भाग लिया। प्राचार्य राजेश दूहन ने 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। उन्हें इस मैराथन दौड़ में प्रथम रहने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। राजेश दूहन अब से पहले अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं।

स्कूल में चोरी करने का आरोपी रिमांड पर

सोनीपत। सिविल लाइन थाना पुलिस टीम ने प्राइवेट स्कूल से एसी की पाइप चोरी करने के आरोप में पटेल नगर निवासी प्रशांत उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर को नवीन ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी कि वह लिटिल एंजल्स स्कूल में एस्टेट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। 20 अक्टूबर रात करीब 1 बजे स्कूल के ब्लॉक ए के पीछे से एसी की कॉपर पाइप अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए थे। शिकायत पर सिविल लाइन थाना में शिकायत दर्ज की गई थी। सहायक उप निरीक्षक विजय ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया।

समन्वय कमेटी समाज को करेगी एकजुट



गोहाना। शहर में रोहतक रोड स्थित आर्य नगर में सोमवार को विश्वकर्मा पांचाल समन्वय कमेटी की 11 सदस्यीय समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से समाज में आपसी भाईचारा कायम करने और सामाजिक व राजनीतिक मतभेदों को दूर करने पर गहन चर्चा की गई। मुख्य वक्ता गुरुग्राम से आए समन्वय कमेटी के अध्यक्ष अमन गौड़ ने कहा कि समन्वय कमेटी का मकसद किसी का विरोध करना नहीं बल्कि सबको जोड़ने का प्रयास करना है ताकि पांचाल समाज को एकजुट किया जा सके। इस अवसर पर समन्वय कमेटी के संरक्षक कैथल से बचनाराम पांचाल, हिसार से महासचिव विजेंद्र पांचाल, करनाल से कोषाध्यक्ष चमन लाल पांचाल, संगठन मंत्री प्रवीण पांचाल, मीडिया प्रभारी कृष्ण भारद्वाज, उपाध्यक्ष बृजभान भंवरा सहित अन्य मौजूद रहे।

ककरोई से तिहाड़ जाने वाले मार्ग पर सीआईए टीम से मुठभेड़, बदमाश ने की फायरिंग

टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शूटर का एनकाउंटर, पैर पर गोली लगी

- पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव रोहट निवासी रजनीश के रूप में हुई
- हरियाणा और दिल्ली में लूट, अपहरण, चोरी व आर्म्स एक्ट के 12 से ज्यादा मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन बदमाश।

शहर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में आए टिल्लू ताजपुरिया गैंग के एक कथित शूटर की सोमवार शाम सीआईए टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। गांव ककरोई से तिहाड़ जाने वाले मार्ग पर हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर सात से आठ राउंड फायर किए। इस दौरान एक गोली पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे काबू कर उपचार के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव रोहट निवासी रजनीश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ हरियाणा और दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीआईए क्राइम-1 की टीम को सूचना मिली थी कि रजनीश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके बाद पीएसआई राहुल और पीएसआई ओमबीर के नेतृत्व में पुलिस की दो टीमों ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस को ककरोई से तिहाड़ जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिया। उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

दो पिस्टल, कारतूस और बाइक बरामद

पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद मौके से दो पिस्टल, जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ हरियाणा और दिल्ली में लूट, अपहरण, चोरी और आर्म्स एक्ट सहित एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह सोनीपत में किस वारदात को अंजाम देने आया था और उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं। रजनीश को टिल्लू ताजपुरिया गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इस गैंग का नाम हरियाणवी गायक अंकित बालियान की हत्या के मामले में भी सामने आया था। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2021 में दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में गोगी गैंग के सरगना जितेंद्र उर्फ गोगी की हत्या के बाद अंकित ने कथित तौर पर करीब 50 हजार रुपये खर्च कर 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे' गाना तैयार कराया था।

धान खरीद का जायजा लेने पहुंचे बड़ौली, समय पर उठान के निर्देश

सोनीपत। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा नेता मोहनलाल बड़ौली ने सोमवार को रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद प्रक्रिया, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं व फसल उठान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ मेयर राजीव जैन व भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज मौजूद रहे। मोहनलाल बड़ौली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में धान खरीद प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और खरीदी गई फसल का उठान समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया।



सोनीपत। धान की नमी चेक करते बड़ौली।

करवाचौथ: चूड़ियों की खनक से खनके बाजार



सोनीपत। करवाचौथ को खास बनाने के लिए बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। दो दिन बाद 29 अक्तूबर को मनाए जाने वाले पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह बना हुआ है। कच्चे क्वार्टर मार्केट, बड़ा बाजार व अन्य बाजारों में महिलाओं ने चूड़ियां व अन्य उत्पाद खरीद रही है।

भव्या जैन ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

- हरियाणा की अंडर-15 महिला क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में भी हुआ चयन

गन्नौर। भव्या जैन ने खेल जगत में दोहरी उपलब्धि हासिल की है। भव्या ने दयानंद आर्य विद्यालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उनका चयन हरियाणा की 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की महिला क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में भी हुआ है। भव्या जैन के पिता डॉ. राकेश जैन को भी इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज के लोगों ने बधाई दी। उन्होंने बताया कि भव्या ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से साबित किया है कि बेटियां खेल सहित हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं।

40 विद्यालयों के संचालक व 90 शिक्षकों सहित विद्यार्थी सम्मानित



सोनीपत। नई अनाज मंडी स्थित विद्यालय ज्ञान विद्यापीठ में नैतिक संस्कार शिक्षा समिति की ओर से शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया व गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम मेयर राजीव जैन ने की। इस दौरान करीब 40 विद्यालयों के संचालक और 90 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित विद्यालयों के दो-दो मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल किया। कार्यक्रम में मोहनलाल बड़ौली, देवेंद्र कादियान आईडी मुंजाल ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी। नैतिक संस्कार शिक्षा सेवा समिति के संस्थापक आचार्य सतवीर ने समिति के उद्देश्यों से परीचित करवाया।

रुचि व पूजा ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में दिखाया दमखम, बनीं 'स्ट्रांग वुमेन ऑफ इंडिया'

- रुचि ने 100, पूजा ने 95 किलोग्राम वजन उठाकर हासिल किया खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। आठ मरला स्थित जिम में कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी।

राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रुचि और पूजा ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी ताकत और प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए 'स्ट्रांग वुमेन ऑफ इंडिया' का खिताब हासिल किया। राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग, डेडलिफ्ट और बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 23 व 24 अक्तूबर को असंध में किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों के करीब 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा सहित हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और पंजाब के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अलग-अलग वर्ग में सोनीपत की सीमा, रिंकी, हरीश, कशिश, निति, कनिष्क, रक्षित, लोकेश, देवांश, पूजा अरोड़ा, इम्पी, रुचि, पूजा ने गोल्ड मेडल, अंशुल, अंशित, हार्दिक, आर्यन, सुनीता, रितु, अनामिका ने सिल्वर मेडल और रूपा ने ब्राउंज मेडल जीता। प्रतियोगिता में रुचि ने मास्टर कैटेगरी के 56 किलोग्राम भार वर्ग में 100 किलोग्राम वजन उठाकर शानदार उपलब्धि हासिल की। वहीं, पूजा ने सीनियर कैटेगरी के 86 किलोग्राम भार वर्ग में 95 किलोग्राम वजन उठाकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।



होलंबी कलां स्टेशन पर यात्रियों ने करीब दो घंटे तक रेलमार्ग बाधित किया

श्रीशक्ति एक्सप्रेस निकाली, सवारी गाड़ी नहीं चली तो ट्रैक पर उतरे यात्री, हंगामा

- दस गाड़ियों प्रभावित, दिल्ली इंटरसिटी चार और झेलम एक्सप्रेस ढाई घंटे देरी से चली, सुबह 10:50 बजे बहाल हुआ रेल यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। गाड़ी को ज्यादा देर रोकने का विरोध करते यात्री।

होलंबी कलां रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एचएनके सवारी गाड़ी को लंबे समय तक रोके रखने और उसके पीछे आई श्रीशक्ति एक्सप्रेस को करीब 20 मिनट बाद निकालने से यात्री भड़क गए। सवारी गाड़ी को आगे रवाना नहीं किए जाने से नाराज यात्रियों ने रेल ट्रैक पर उतरकर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक रेल यातायात बाधित रहने से सोनीपत रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली करीब 10 ट्रेनें प्रभावित हुईं। दिल्ली और पानीपत के बीच सफर करने वाले दैनिक यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। कई यात्री सोनीपत स्टेशन पर ट्रेनों के चलने का इंतजार करते रहे। सुबह करीब 10:50 बजे ट्रैक बहाल होने के बाद रेल यातायात दोबारा शुरू हो सका। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह होलंबी कलां स्टेशन पर ट्रेन संख्या 64462 एचएनके सवारी गाड़ी को पहले रोक दिया गया था। करीब 20 मिनट बाद श्रीशक्ति एक्सप्रेस को बिना रुके आगे निकाल दिया गया। आरोप है कि इसके बावजूद सवारी गाड़ी को गंतव्य की ओर रवाना नहीं किया गया। इससे यात्रियों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते यात्री रेल ट्रैक पर उतर आए और आवागमन बाधित कर दिया।

कालका शताब्दी और गीता जयंती भी रोकी

प्रदर्शन कर रहे यात्रियों ने दिल्ली की ओर जा रही कालका शताब्दी को भी स्टेशन पर रोक दिया। वहीं, दो नंबर प्लेटफार्म पर नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र पैसेंजर और मेन लाइन पर गीता जयंती एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। रेलमार्ग बाधित होने से इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर नरेला थाना प्रभारी और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद एचएनके सवारी गाड़ी को सुबह 10:50 बजे रवाना किया गया और रेल यातायात बहाल हुआ।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
10
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।

परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।

मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

सशक्त समाज के निर्माण के लिए भगवान वाल्मीकि के आदर्शों को अपना एक दूसरे के साथ मिलकर चलने की जरूरत

महर्षि वाल्मीकि आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार और आदर्श किसी एक समाज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वे भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। मंत्री सोमवार को अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ शहर के वाल्मीकि आश्रम में महर्षि वाल्मीकि के जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी लेखनी से समाज को सत्य, धर्म, कर्तव्य, त्याग और मर्यादा का जो संदेश दिया, वह हजारों वर्षों बाद भी उतना ही प्रासंगिक है। महर्षि ने समाज को सिखाया कि इंसान की पहचान उसके कर्म, विचार और आचरण से होती है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता पर आधारित सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। आदिकवि के रूप में उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन को जन-जन तक पहुंचाया। रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत संगम है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सिखाता है कि ज्ञान, साधना और अच्छे कर्मों के माध्यम से व्यक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। कार्यक्रम में त्रिकालदर्शी सोसायटी के अध्यक्ष दीपक व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



गोहाना। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. रीटा शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम कार्यालय में कार्यक्रम व भंडारा



सोनीपत। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर नगर निगम कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर भंडारा लगाया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व नगर निगम मेयर राजीव जैन ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। अतिथियों ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज को सत्य, धर्म, नैतिकता, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान प्रधान संजय चौधरी, कृष्ण एसआई, एडवोकेट सौरव चौधरी, संजय, यूनियन के पूर्व प्रधान अजीत रिढ़लान, धर्मबीर बोहत, जयवीर गहलावत मौजूद रहे।

ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जयंती



सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण और कविता पाठ के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व, जीवन आदर्शों और भारतीय साहित्य में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने मां सरस्वती एवं महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया। चेयरमैन सुधीर जैन, प्राचार्य मीनाक्षी खुराना ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। उनकी ओर से रचित रामायण युगों-युगों से मानवता का मार्गदर्शन करती आ रही है। रामायण में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, कर्तव्यनिष्ठा, सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा और मानवता का सुंदर चित्रण मिलता है। इस दौरान सतीश, कविता, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, मनीषा, निशी, पिंकी, मोनिका दूहन, आशिमा, सौरभ मौजूद रहे।

गांव गढ़ी हकीकत में धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



सोनीपत। गांव गढ़ी हकीकत में फूले-शाहू-अंबेडकर सेवा समिति की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रोहित मान, सौरभ सचदेवा ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता एडवोकेट साहिल राणा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य महर्षि वाल्मीकि के विचारों एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना रहा। रोहित मान ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी समाज को सत्य, सदाचार, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान सरपंच शमशेर सिंह दहिया, सौरभ सचदेवा, रोहित मान, आशा अहलावत, सरदार इंद्रपाल सिंह, इंद्रजीत राणा, साहिल राणा, वेद सिंह, विक्रम कादियान, डॉ. जसवंत सिंह राणा, अमर राणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

भाजपा जिला कार्यालय स्वर्ण कमल में श्रद्धा के साथ मनाया वाल्मीकि प्रकट दिवस



सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय स्वर्ण कमल सेक्टर-8 में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल बड़ौली ने मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, बबीता दहिया, ब्लॉक समिति चेयरमैन सते रोहट, विनोद बैरागी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजीत सबोली, किसान मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण कबीरपुर, अनिल गोवर, सुनील सरपंच, सुरेंद्र बारोटा, त्रिभुवन कौशिक, सुरेंद्र मदान, श्रवण कौशिक, आरती शर्मा, महेश लूथरा, सुनीता भोला, मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, सुदामा मौजूद रहे।

सोनीपत शुगर मिल बंद करने की साजिश रच रही सरकार



सोनीपत। सोनीपत सहकारी शुगर मिल के गेट पर किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान व ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कामी रोड स्थित सहकारी शुगर मिल के नवीनीकरण और गन्ने पेराई सत्र जल्द शुरू कराने सहित लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने को राजनीतिक समर्थन देते हुए कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव दहिया किसानों के बीच पहुंचे और उनकी मांगों का खुलकर समर्थन किया। इस दौरान किसानों और कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने सरकार की नीयत पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार सोनीपत की ऐतिहासिक सहकारी चीनी मिल को सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बंद करना चाहती है। सरकार की मंशा किसानों के हित में कतई नहीं है। सरकार नीतियां बनाकर किसानों को किसी न किसी बहाने परेशान कर रही है। यदि सोनीपत मिल बंद होती है, तो क्षेत्र के किसानों को मजबूरी में अपना गन्ना लंबी दूरी तय कर गोहाना चीनी मिल में ले जाना पड़ेगा। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और समय की भी बर्बादी होगी। कमल दिवान ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हक की इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और संसद से लेकर सड़क तक उनकी आवाज बुलंद करेगी।

आर्थिक तंगी के कगार पर किसान

किसान नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते मिल चालू नहीं हुई और मांगें पूरी नहीं की गईं, तो किसानों को लाखों रुपये का सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे किसान कर्ज के जाल में फंसेंगे और बदहाली के कगार पर पहुंच जाएंगे। इस दौरान भाकियू (टिकैत) के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पहल, जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, जिला उपाध्यक्ष मनदीप बड़वासनी, वरिष्ठ महासचिव मनोज छिकारा, महासचिव सुंदर सिंह, जिला सचिव अनिल मलिक, गन्नौर ब्लॉक उपाध्यक्ष मंजीत नांदल, किसान नेता राजेंद्र सांगवान, पूर्व निदेशक सुरेश, बिजेंदर अंतिल, राजू पांची, रविंद्र अंतिल, परमजीत और शेर सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एचके स्कूल कुराड़ में सुमित वाल्मीकि का स्वागत



गन्नौर। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि का गांव कुराड़ स्थित एचके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे सुमित वाल्मीकि के सम्मान में स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल रहा। स्कूल के निदेशक कुलदीप आंतिल ने कहा कि विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सरपंच मनजीत आंतिल ने कहा कि परिवार ने कहा कि सुमित की सफलता से विद्यार्थियों को यह सीख मिलती है। इस अवसर पर भाजपा बीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश, पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर ढोदवा, सतपाल पहलवान, डॉ. रणबीर अंतिल, सुरेंद्र अंतिल, अशोक पहलवान, जयकरण वर्मा, पंच रोहताश सहित अन्य मौजूद रहे।

पशु चारे में मिलावट की आशंका डीसी से वैज्ञानिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



पशु चारे में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए अब पशुधन और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक जांच की मांग उठी है। एक जागरूक नागरिक ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर रोहतक सहित आसपास की मंडियों में बिक रहे पशु चारे के नमूने मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सांपला, झज्जर और फर्रुखनगर की मंडियों में बिकने वाले पशु चारे में तरबूज के छिलके के इस्तेमाल की आशंका जताई गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह सामग्री 12 से 14 रुपये प्रति किलो में मिलती है, जबकि चारे के रूप में 31 से 40 रुपये प्रति किलो तक बेची जाती है।

रविवार शाम से नहीं पहुंच रहा पानी, पार्षद प्रतिनिधि ने कर्मचारियों की कमी पर उठाए सवाल

देवीलाल चौक के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त बीएसटी क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

देवीलाल चौक के पास पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बीएसटी क्षेत्र में रविवार शाम से पानी की सप्लाई बाधित है। पाइपलाइन में खराबी के कारण पुरानी अनाज मंडी के पीछे स्थित सरकारी स्कूल में लगे ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई बीएसटी की तरफ से नहीं हो पा रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करने के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ही पानी की सप्लाई बहाल हो सकेगी।



शिकायतों के समाधान के लिए केवल दो ही कर्मचारी

पाइपलाइन में खराबी आने के बाद से क्षेत्र में पानी की सप्लाई प्रभावित है। वहीं वार्ड 15 के पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन ने विभाग में कर्मचारियों की कमी को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को समय पर ठीक नहीं किया जा पा रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों के अनुसार, उनके पास शिकायतों के समाधान के लिए केवल दो कर्मचारी ही हैं। ऐसे में शहर में कहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने या पानी की सप्लाई से जुड़ी शिकायत आने पर उसे दूर करने में देरी होती है। गौरव जैन ने विभाग के उच्च अधिकारियों से अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गन्नौर में पानी की सप्लाई से संबंधित शिकायतों का समय पर समाधान होना जरूरी है। कर्मचारियों की संख्या बढ़ने से शिकायतों को जल्द दूर किया जा सकेगा और लोगों को लंबे समय तक पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

■ अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की

अग्निवीरों की भर्ती के लिए हरियाणा पुलिस में हर छह माह विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए : कर्नल अशोक



राई। सेवानिवृत्त कर्नल अशोक मोर ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि अग्निवीरों की भर्ती के लिए अलग व्यवस्था बनाई जाए और उन्हें सामान्य पुलिस भर्ती विज्ञापन का इंतजार न करना पड़े। पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल अशोक मोर ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा 282 पूर्व नौसेना अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किए जाने के बाद हरियाणा में भी अग्निवीरों के पुनर्वास और रोजगार का मुद्दा महत्वपूर्ण हो गया है। महाराष्ट्र में इन कर्मियों को दोबारा लिखित भर्ती परीक्षा और सामान्य प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजारे बिना पुलिस बल में शामिल किया गया है। कर्नल अशोक मोर ने सुझाव दिया कि हरियाणा पुलिस में पूर्व अग्निवीरों के लिए प्रत्येक छह महीने में विशेष भर्ती अभियान आयोजित किया जाए। इसके अलावा हर छह महीने में पूर्व अग्निवीरों के लिए विशेष पुलिस भर्ती, सामान्य भर्ती का इंतजार खत्म, लिखित परीक्षा व प्रारंभिक प्रशिक्षण में छूट, ऊंचाई-छाती मानकों की समीक्षा, सैन्य प्रशिक्षण व अनुभव को महत्व तथा रोजगार, उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और निजी क्षेत्र में पुनर्वास की व्यापक नीति बनाने की मांग गई।

करवाचौथ मंगल मिलन कार्यक्रम का महिलाओं ने उठाया लुफ्त



सोनीपत। अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की जिला सोनीपत इकाई की ओर से करवाचौथ पर्व के उपलक्ष्य में 'करवाचौथ मंगल मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया। एटलस रोड स्थित सागर रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और विधायक निखिल मदान की धर्मपत्नी निकिता मदान ने शिरकत की। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर मौज मस्ती कर आनंद उठाया। महिलाओं ने करवा पूजन, 16 श्रृंगार, डांस और विभिन्न मनोरंजक गेम्स में भाग लेकर पुरस्कार भी जीते। जिला महिला प्रधान संगीता मंगला, जिला महामंत्री मोनिका गर्ग के नेतृत्व में महिला इकाई ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर पूजा जैन, ऊमा गोयल, मनीषा गर्ग, पिंकी जैन, मनीषा गुप्ता, अनीता बंसल, ज्योति गोयल, नवीता बंसल सहित काफी महिलाएं मौजूद रहीं।

पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी सम्मानित



गोहाना। शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी, चिड़ाना में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि, भक्त मीराबाई और क्रांतिकारी एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई और साथ में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, खानपुर कलां के रितेश ने प्रथम, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की प्रिया ने द्वितीय और यूनिक पब्लिक स्कूल, पुगथला के प्रतीक ने तृतीय स्थान हासिल किया। समारोह में मुख्य अतिथि लाइब्रेरी-संस्थापक मास्टर राजेश लठवाल ने इन तीनों विद्यार्थियों सहित प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले 25 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए 30-30 छात्रों के 10 बैच बनाकर उचित व्यवस्था प्रबंधन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाइब्रेरी अध्यक्ष अनिल लठवाल ने की। इस अवसर पर मास्टर रवि कुमार, मास्टर सुरेंद्र लठवाल, प्रीति, नेहा और राजेश व अन्य मौजूद रहे।

सबसे उत्तम धर्म वही जो शरणागत की रक्षा करे : जगमहेन्द्र



गोहाना। सोमवार को खन्दराई में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीणों द्वारा महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा भंडारा लगाया गया।ग्राम सुधार समिति खन्दराई के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह के अनुसार धर्म की व्याख्या करते हुए महर्षि वाल्मीकि ने कहा था कि सबसे उत्तम धर्म वह है जो शरणागत की रक्षा करता है चाहे वह दुश्मन ही क्यों न हो। इस अवसर पर सुरेश कुमार, विजय कुमार, सुमित कुमार, सूरजभान, चांद सिंह, अमित कुमार, अरुण कुमार और रिशु आदि मौजूद रहे।

भाकिसं पदाधिकारियों ने धान की फसल का जायजा लिया



गोहाना। भारतीय किसान संघ के प्रांत युवा प्रमुख नीरज शर्मा ने सह खंड कार्यवाह पवन कुमार के साथ शहर की अनाज मंडी का दौरा कर धान की फसल का जायजा लिया और किसानों को आ रही समस्याओं को से सुना। दौरान दुकान नंबर 341 पर गांव भंडेरी के किसान आनंद पुत्र राजकुमार की पीआर धान की खरीद पर 180 प्रति क्विंटल का भारी कट लगाया गया था। इस समस्या के समाधान के लिए नीरज शर्मा और पवन कुमार दुकान नंबर 1 पर हैफेड की गोहाना शाखा प्रबंधक ज्योति से मिले। उन्होंने धान पर लगाए गए 180 के कट को कम करवाकर मात्र 64 करवाया गया। भारतीय किसान संघ के नेताओं ने दुकान नंबर 146 पर आढ़ती हरिओम तथा दुकान नंबर 128 पर आढ़ती सुरेंद्र कुमार से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान मंडी में धान की आवक, उठान की स्थिति और खरीद प्रक्रिया पर विस्तार से बातचीत की गई। संघ ने स्पष्ट किया कि किसानों के अधिकारों की रक्षा हर हाल में की जाएगी और मंडी में किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विश्व कल्याण सरोवर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, बीके गीता ने दिया सकारात्मक जीवन का संदेश

जहां बुजुर्गों का सम्मान वहां संस्कार मजबूत होते हैं : मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई



राई। बुजुर्गों का सम्मान करते ब्रह्माकुमारी गीता, चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली, भाजपा नेता नरेंद्र धीमान, देवऋषि स्कूल के निदेशक जोगेंद्र आंतिल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

विश्व कल्याण सरोवर में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 400 वरिष्ठ नागरिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। राजस्थान के भीनमाल से पहुंचीं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता ने कहा कि उम्र शरीर की होती है, आत्मा सदैव शक्तिशाली रहती है। विश्व कल्याण सरोवर के प्रबंधक ब्रह्माकुमारी सतीश ने कहा कि सकारात्मक सोच, मधुर वाणी और राजयोग मेडिटेशन को जीवन में शांति और खुशहाली लाने का माध्यम बताया। चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि जिन परिवारों में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाता है, वहां संस्कार मजबूत होते हैं। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह ने श्रेष्ठ कर्मों के माध्यम से समाज को बेहतर बनाने का संदेश दिया। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी साक्षी ने किया। भाजपा नेता नरेंद्र धीमान व देवऋषि स्कूल के निदेशक जोगेंद्र आंतिल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, प्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योगों को आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर



राई। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के प्रौद्योगिकी केंद्र रोहतक की ओर से रैम्प योजना के अंतर्गत उद्यमियों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मुरथल स्थित ढाबा पर आयोजित हुआ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के करनाल कार्यालय के अतिरिक्त विकास आयुक्त संजीव चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। प्रौद्योगिकी केंद्र रोहतक के वरिष्ठ प्रबंधक नरेश कुमार जैन ने मुख्य अतिथि, गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उद्योगों के आधुनिकीकरण, तकनीकी उन्नयन और उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसके तहत उद्योगों में आधुनिक तकनीक के उपयोग से संबंधित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। संजीव चावला ने उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों तथा उनके संभावित समाधान पर चर्चा की। प्रधान राकेश छाबड़ा ने कहा कि रैम्प योजना का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की बाजार, वित्त और तकनीक तक पहुंच बढ़ाना है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण, डिजिटलीकरण, हरित पहल और तकनीकी सुधार को प्रोत्साहित किया जाता है।एमएसएमई प्रतिनिधि राहुल फलसवाल, राई औद्योगिक संघ एवं फिस्मे के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा, प्रौद्योगिकी केंद्र रोहतक के उप महाप्रबंधक अश्वनी कांत, वरिष्ठ प्रबंधक नरेश कुमार जैन, उद्योग 4.0 विशेषज्ञ हरसेवक सिंह और श्रम कानून एवं संहिता विशेषज्ञ शांतनम सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



शरद पूर्णिमा पर वैदिक विधि से किया हवन

गोहाना। राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा शहर में पानीपत मार्ग पर संचालित लावारिस पीड़ित गो माता गोशाला में शरद पूर्णिमा पर हवन किया गया हवन वैदिक रिति-रिवाज से किया गया। यज्ञ के पुरोहित पंडित विजेंद्र शर्मा थे जबकि पूर्णाहुति ट्रस्ट के प्रेस सचिव आजाद सिंह दांगी ने दी। यजमान ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी व उनकी पत्नी सोना देवी थे। मुख्य वक्ता रामेश्वर दास सैनी ने कहा शरद पूर्णिमा के दिन किया गया हवन विशेष फलदाई होता है इस दिन गोशाला में हवन करने से सुख-समृद्धि और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। हवन में बोले जाने वाले वैदिक मंत्र से मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वैदिक हवन में उपयोग होने वाली सामग्री घी, जौ, तिल व जड़ी-बूटियां की अग्नि में आहुति से उत्पन्न धुएं से वातावरण के कीटाणु खत्म हो जाते हैं।



आईसीएमएआई के नए कार्यालय का उद्घाटन

सोनीपत। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के सोनीपत चैप्टर के नए कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को सेक्टर-12 बाइपास रोड, आईटीआई चौक के पास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएमएआई की सेंट्रल काउंसिल के उपाध्यक्ष सीएमए मनोज कुमार आनंद ने शिरकत की। उनके साथ एनआईआरसी के चेयरमैन सीएमए मनीष कंडपाल, वाइस चेयरमैन सीएमए जीवन चंद्र मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी व चैप्टर के सदस्य परिवार सहित शामिल हुए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने संस्थान की व्यावसायिक शिक्षा, कॉस्ट एवं मैनेजमेंट अकाउंटेंसी के क्षेत्र में भूमिका व सदस्यों के व्यावसायिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। नए कार्यालय की स्थापना को सोनीपत चैप्टर की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

रेलवे ने मुख्य प्रवेश द्वार पर रोड़ा व मिट्टी डलवाकर सड़क मरम्मत का शुरू करवाया कार्य, यात्रियों और लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

रेलवे स्टेशन के बाहर निकासी को सीवरेज लाइन डालने का काम प्रारंभ, खस्ताहाल सड़क के जल्द फिरेंगे दिन

■ सोनीपत स्टेशन का 29 करोड़ से करवाया जा रहा नवीनीकरण मुख्य प्रवेश द्वार खस्ताहाल सड़क की अनदेखी पड़ रही थी भारी

■ दैनिक यात्रियों ने खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालकों के गिरकर चोटिल होने का लगाया था आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मॉडल रेलवे स्टेशन की ख्याति प्राप्त कर चुके सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण व यात्रियों की सुविधाओं पर जहां एक ओर 29 करोड़ रुपये खर्च कर आधुनिक रूप दिया जा रहा है। वहीं स्टेशन के प्रवेश द्वार पर सारंग रोड की ओर निकासी व्यवस्था के उचित प्रबंध करवाने के लिए सीवरेज लाइन डालने का काम शुरू हो चुका है। इसके बाद खस्ताहाल सड़क का पुनर्निर्माण होने से परेशानी झेलते आ हो रहे यात्रियों व वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। वहीं सीवरेज लाइन डालने का काम व सड़क की मरम्मत का काम निर्धारित बजट के अंतर्गत करवाया जा रहा है।

बता दें कि सारंग रोड की तरफ और रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर निकासी के अभाव में बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी रहती थी। अब सीवरेज व्यवस्था के साथ रेलवे ने खस्ताहाल सड़क पर पत्थर व मिट्टी डलवाकर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत कर दी है। सड़क की मरम्मत होने के बाद जल्द लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। फिलहाल खस्ताहाल सड़क के कारण स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों से लेकर दिनभर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दैनिक यात्रियों आरोप है कि खस्ताहाल सड़क के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। प्रवेश द्वार पर ही खस्ताहाल सड़क की अनदेखी की जा रही थी। अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बाद रेलवे ने यात्रियों व वाहन चालकों की समस्या का जल्द समाधान करवाने का निर्णय लिया है।



सोनीपत। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर सीवरेज लाइन बिछाने का काम करते मजदूर।

खस्ताहाल सड़क से हजारों चालक थे परेशान

दैनिक यात्रियों ने आरोप लगाया था कि रेलवे रोड पर स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कई माह से सड़क खस्ताहालत में है। रेलवे स्टेशन जहां 29 करोड़ रुपये खर्च कर यात्रियों को एयरपोर्ट की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया करवाने के सपने दिखाए जा रहे हैं, वहीं खस्ताहाल सड़क के लिए रेलवे के पास कोई बजट नहीं है। यह मार्ग सारंग रोड, सुभाष चौक, एटलस रोड, गीता भवन रोड को आपस में जोड़ता है। स्थिति यह है कि दिन-रात इस मार्ग से हजारों वाहन चालकों का आवागमन लगा रहता है। सड़क के कुछ हिस्से में बड़े-बड़े गड्ढे हादसे को न्योता दे रहे थे। बारिश के बाद से इन गड्ढों में जलभराव की स्थिति बनी रहती थी। आधी सड़क पर रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा लगा रहता है।

गड्ढों से मुश्किल हो रहा था आवागमन

यात्रियों ने बताया कि वाहन चालकों का गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो रहा था। ऐसे में कई बार दोपहिया वाहन चालक गड्ढों के कारण गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे थे। लोगों का आरोप था कि रेलवे अधिकारी शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं कर रहे थे। दैनिक यात्रियों ने खस्ताहाल सड़क की जल्द मरम्मत या पुनर्निर्माण करवाने की मांग की थी। अब रेलवे अधिकारियों ने सीवरेज व्यवस्था के साथ सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करवाने का निर्णय लिया है।

महिला विवि के चौथे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने किया संबोधित

बेटियों की शिक्षा से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव : प्रो. असीम घोष

■ ग्रामीण एवं वंचित वर्ग की बेटियों को उच्च शिक्षा के अवसर देने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में सोमवार को चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विवि के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। समारोह में 3455 छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गई। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि भगत फूल सिंह महिला विवि ग्रामीण महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 1936 में भगत फूल सिंह द्वारा केवल तीन छात्राओं के साथ शुरू किया गया कन्या गुरुकुल आज एक ऐसे विवि के रूप में विकसित हो चुका है, जहां छह हजार से अधिक युवतियां शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। यह संस्थान ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती। आज बेटियां शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, खेल, प्रशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, करुणा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन भी है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग व्यक्तिगत उन्नति के साथ-साथ समाज के कल्याण के लिए भी करें। उनकी सफलता ग्रामीण और वंचित परिवारों की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बने। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी ग्रामीण लडक़ी गरीबी, सामाजिक पूर्वाग्रहों या सहयोग की कमी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं न रहे।





गोहाना। दीप प्रज्वलन कर दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ करते राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व छात्राओं को डिग्रीयां प्रदान करते राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा के दीप को बनाया मशाल

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने और जीवन की नई शुरुआत करने का महत्वपूर्ण पड़ाव है। भगत फूल सिंह द्वारा वर्षों पहले जलाया गया शिक्षा का दीप आज बेटियों ने मशाल में बदल दिया है, जिसकी रोशनी पूरे देश को दिशा दे रही है। यह विवि केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

डॉ. शर्मा ने 11 लाख देने का ऐलान किया

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना केवल एक परिवार की उन्नति नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के संकल्प को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार आगे बढ़ा रही है। आज बेटियां सेना, वायुसेना, नौसेना, विमानन, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश भी उतना ही आवश्यक है। अच्छे संस्कार व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। मंत्री ने विवि में लाइब्रेरी के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

महिला विवि संस्कार का प्रतीक : कुलपति

महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि यह संस्थान सामाजिक भागीदारी से बना था। जिस समय में बेटी को पढ़ाना गुनाह माना जाता था उस समय में भगत फूल सिंह के समझाने से ग्रामीणों ने न केवल बेटियों को पढ़ाना शुरू किया अपितु गुरुकुल के संचालन में आर्थिक मदद भी की। यह विवि आज भी संस्कारों की वेदी पर चल रहा है।



महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों से मिलेगी नई दिशा : कादियान

■ गढ़ी केसरी, शाहपुर तगा, पुरखास समेत कई गांवों में जयंती कार्यक्रमों में पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर खिजरपुर अहीर माजरा गांव में नवनिर्मित मंदिर में महर्षि वाल्मीकि, भगवान श्रीराम और शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम से पहले गांव में मूर्ति परिक्रमा और कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद हवन-यज्ञ हुआ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

विधायक कादियान का सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। गन्नौर क्षेत्र के गढ़ी केसरी, शाहपुर तगा, पुरखास, गांधी नगर और खेड़ी तगा सहित अन्य स्थानों पर भी महर्षि वाल्मीकि जयंती में विधायक देवेंद्र कादियान ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। कादियान ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार समाज को सद्भाव, समानता और नैतिक मूल्यों का संदेश देते हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। कादियान ने कहा कि गांवों का समग्र विकास केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और आपसी सहयोग भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर नरेंद्र यादव, रवि यादव, सुभाष यादव, संदीप वाल्मीकि, पूर्व सरपंच भीम सिंह, पूर्व सरपंच महाबीर, पवन, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार, गुरमेल सरपंच गामड़ा, श्याम वाल्मीकि, राकेश, अशोक, रवि, सत्ता, रोशन, मनोज, सुनील शर्मा, रिंकू, रमेश चौकीदार, कृष्ण चेयरमैन और मुकेश सौदा, अमित त्यागी, प्रदीप कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

64 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन

खरखौदा। विधानसभा क्षेत्र के गांव ककरोई में विधायक पवन खरखौदा ने 64 लाख रुपये की लागत से करवाए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। जिसमें पीडब्ल्यूडी रोड से लेकर रामजीवन के खेत तक रास्ता पक्का जिसपर 9 लाख की लागत, सरकारी स्कूल में शौचालय व विभिन्न विकास कार्यों पर 20 लाख, पीडब्ल्यूडी रोड से लीलू प्रधान के घर तक गली निर्माण कार्य 20 लाख, बड़ा व छोटा पाना में श्मशान घाट की चार दिवारी के कार्य पर 7.5 लाख- 7.5 लाख की लागत से कार्यों का निर्माण किया गया है। विधायक पवन खरखौदा ने ग्रामीणों को 5 नवंबर को करनाल में आयोजित होने वाली केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की रैली में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनसेवा उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों का सहयोग और विश्वास विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा गांव में विकास कार्य करवाने पर शुभकामनाएं दीं।

जाहरी में शीतला माता मंदिर के भंडारे में पहुंचे आजाद सिंह नेहरा

गन्नौर। गांव जाहरी स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर परिसर में मंदिर समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश का य ा रि णी सदस्य आजाद सिंह नेहरा पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित सैनी और अन्य सदस्यों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि धार्मिक संस्थानों और मंदिरों में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति के बारे में जानकारी मिलती है। साथ ही, इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, सुदामा वाल्मीकि, दीपक शर्मा, बंसी सिंह, रणधीर लाकड़ा आदि उपस्थित रहे।



खेवड़ा में धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

राई। गांव खेवड़ा में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता एवं जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने शिरकत की। शेखर आंतिल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शेखर आंतिल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का काम करती हैं। उनके जीवन से हमें ज्ञान, सदाचार, समानता और अच्छे कर्मों की प्रेरणा मिलती है। युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। शेखर आंतिल ने कहा कि युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें और महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।



महर्षि वाल्मीकि के बताए न्याय के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : दिवान

■ महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट में समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शाम नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समारोह का आयोजन कर भंडारा लगाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि कमल दिवान ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना कर पूरी मानवता को सत्य, मर्यादा, समरसता और धर्म का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन समाज से भेदभाव मिटाकर समानता और न्याय स्थापित करने की प्रेरणा देता है। आज के दौर में महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं।



सोनीपत। शाम नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम ट्रस्ट में आयोजित समारोह में मौजूद कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान व ट्रस्ट के पदाधिकारी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

पूर्व विधायक ने रिढ़ाऊ पहुंचकर एचसीएस परीक्षा में 55वीं रैंक हासिल करने वाली उर्मिला गहलावत को दी बधाई

बेटियों की उपलब्धियां समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : सुरेंद्र पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा में रिढ़ाऊ की बेटी उर्मिला गहलावत ने 55वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। सोनीपत के पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने गांव रिढ़ाऊ पहुंचकर उर्मिला को सम्मानित कर सफलता पर बधाई दी। उर्मिला के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। उर्मिला ने एचसीएस जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में 55वीं रैंक हासिल करके अपनी प्रतिभा और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ गांव के लोगों में भी उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राज्य की प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में उल्लेखनीय रैंक प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी सफलता से गांव की अन्य बेटियों और युवाओं को भी अपने लक्ष्य की दिशा में मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने उर्मिला को सम्मानित करते हुए कहा कि आज बेटियां शिक्षा, प्रशासन, खेल और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। वह अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर नए मुकाम हासिल कर रही हैं।



सोनीपत। रिढ़ाऊ में उर्मिला को बधाई देते पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार व अन्य।

ईटीओ बनी उर्मिला का पैतृक गांव रिढ़ाऊ में किया स्वागत, विधायक ने दी हीरो की संज्ञा



खरखौदा। उपमंडल के गांव रिढ़ाऊ की बेटी उर्मिला गहलावत ने एचसीएस क्रेक कर आबकारी व कराधान अधिकारी ईटीओ का पद प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव रिढ़ाऊ में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। ऑल इंडिया गहलावत खाप के प्रधान दयानंद गहलावत और गठगामा के प्रधान सतबीर नंबरदार ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। राजनेताओं, अधिकारियों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों व ग्रामीणों ने उनका शानदार स्वागत किया। ईटीओ उर्मिला गहलावत को वाहनों के लंबे काफिले के साथ समारोह स्थल हरिदास मंदिर प्रांगण तक लाया गया। राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने उर्मिला को हीरो की संज्ञा देते हुए कहा कि होनहार उर्मिला ने अपनी सराहनीय उपलब्धि से गहलावत खाप का नाम रोशन किया है। संख्यात्मक दृष्टि से बेशक गहलावत खाप छोटी है, तथापि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां गहलावत गोत्रीय व्यक्तियों ने झंडा न गाड़ा हो। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि उर्मिला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि जो पढ़ेगा, वही आगे बढ़ेगा। इनकी उपलब्धि गर्व और गौरव का विषय है।